नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 303, पृष्ठ 12)
आश्विन, कृष्ण पंचमी संवत् 2083
गुरूवार, 1 अक्टूबर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

तापमान

भोपाल	20.0°	33.0°
इंदौर	20.0°	34.0°
जबलपुर	21.0°	32.0°
ग्वालियर	22.0°	33.0°
सागर	21.0°	33.0°



राजधानी... भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में संगठन मजबूती और ...



खेल... एशियन खेल 2026: ज्योति, चिकिता, पृथिका ने रचा ...



व्यापार... नितिन गडकरी का नया ईंधन प्लान, शतप्रतिशत...



देश-विदेश... नेपाल के पूर्व प्रधान न्यायाधीश राणा...



खास-खबरें

फॉर्म-6 से हटाया गया अतिरिक्त घोषणा पत्र

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद के बीच चुनाव आयोग ने फॉर्म-6 से जुड़े अतिरिक्त घोषणा पत्र को हटाने का फैसला किया है। जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, वहां ऑनलाइन फॉर्म-6 भरते समय अब एसआईआर से जुड़ा अतिरिक्त घोषणा पत्र नहीं देना होगा। आयोग ने ईसीआईनेट पोर्टल, ऐप और संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइटों से यह अतिरिक्त प्रावधान हटा दिया है।

अकेले घर से निकलने में लगता है डरः ममता

नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाता: पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दिल्ली में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक के दौरान राज्य के राजनीतिक हालात को लेकर चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में चुनाव के बाद तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और वह अब कोलकाता में अपने घर से अकेले बाहर निकलने में भी डर महसूस करती हैं।

रबी विपणन सत्र 2027-28 के लिए कैबिनेट की मंजूरी

केंद्र ने तीन राज्यों में 5548 करोड़ की एमएसपी खरीद को मंजूरी दी

- 2026-27 खरीफ विपणन सत्र में 7.06 लाख टन दलहन-तिलहन की होगी खरीद, उत्तर प्रदेश को सबसे बड़ा हिस्सा



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने 2026-27 खरीफ विपणन सत्र के लिए उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दलहन और तिलहन की खरीद के लिए 5,547.99 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस योजना के तहत तीनों राज्यों से कुल 7.06 लाख मीट्रिक टन दलहन और तिलहन खरीदा जाएगा। सरकार के अनुसार, इसका उद्देश्य बाजार में कीमतें गिरने की स्थिति में किसानों को सुरक्षा देना और उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना है। उत्तर प्रदेश में 4.66 लाख टन अरहर और 6,250 टन मूंग की खरीद के लिए 3,992.57 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसमें अरहर की खरीद पर 3,937.70 करोड़ और मूंग पर 54.87 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कर्नाटक में 1,107 करोड़ रुपये की खरीद को मंजूरी मिली है, जिसमें 1.155 लाख टन सोयाबीन के लिए 659.27 करोड़, 38,250 टन मूंग के लिए 335.83 करोड़ और 13,413 टन सूरजमुखी के लिए 111.90 करोड़ रुपये शामिल हैं। तेलंगाना में 448.42 करोड़ रुपये की खरीद मंजूर की गई है। इसमें 62,000 टन सोयाबीन के लिए 353.90 करोड़ और 10,766 टन मूंग के लिए 94.52 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के अनुसार, इस पहल से किसानों को आय सुरक्षा देने के साथ देश में दलहन और तिलहन के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। सरकार का कहना है कि इससे दलहन और खाद्य तेलों के आयात पर निर्भरता घटाने तथा घरेलू उत्पादन बढ़ाकर आत्मनिर्भरता मजबूत करने के प्रयासों को गति मिलेगी। निर्धारित केंद्रों पर खरीद की जाएगी और प्रक्रिया पारदर्शी रखी जाएगी। किसानों को उपज का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जाएगा।

राजधानी में रिटायर्ड आईएएस की गला रेतकर हत्या, केयरटेकर फरार

- 2 दिन पहले ही नौकरी पर रखा था वरुण कुमार को, सीसीटीवी में घर से निकलते दिखा
- किचन में गैस का पाइप निकला मिला, लूट और आग लगाने की साजिश समेत कई पहलुओं पर जांच



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल के सूरजनगर में 1982 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी राकेश अग्रवाल की बुधवार सुबह उनके घर में गला रेतकर हत्या कर दी गई। उनका शव कमरे में जमीन पर मिला, जबकि गले पर धारदार हथियार के निशान थे। घर की अलमारी के लॉक टूटे मिले और किचन में एलपीजी सिलेंडर का पाइप निकला हुआ था। इससे पूरे घर में गैस भर गई थी।

पुलिस आग लगाने की कोशिश और लूट के इरादे समेत कई संभावित कारणों की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पुलिस का शक उस केयरटेकर वरुण कुमार पर है, जिसे 27 सितंबर को ही काम पर रखा गया था। घटना के बाद से वह लापता है। पुलिस के मुताबिक, हत्या रात 12 बजे से 2 बजे के बीच होने की आशंका है। वारदात के करीब 15 मिनट बाद वरुण सूरजनगर से भदभदा की ओर जाने वाली सड़क पर एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे में जाता हुआ दिखाई दिया। उसकी आखिरी लोकेशन कुरवाई-बीना रोड पर मिली है। राकेश अग्रवाल की पत्नी निशी अग्रवाल ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 5:30 बजे जब वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकलीं तो घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। कर्मचारी अमर थापा को फोन करने के बाद उन्होंने राकेश अग्रवाल के कमरे में जाकर देखा, जहां उनका शव पड़ा था। सूचना पर रातीबड़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पत्नी के मुताबिक, घर में कोई कीमती आभूषण नहीं रखे थे। पुलिस ने केयरटेकर वरुण के बारे में जानकारी जुटाने के लिए उसे उपलब्ध कराने वाली एजेंसी से भी दस्तावेज लिए हैं। अब उसके पुलिस सत्यापन, पंजीयन और अन्य विवरणों की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि हत्या के बाद घर में गैस क्यों छोड़ी गई और अलमारी के लॉक किसने तोड़े।

अरब सागर में 3000 करोड़ की ड्रग्स जब्त, पांच पाकिस्तानी गिरफ्तार



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एंटी-टेररिज्म स्क्वाड (एटीएस) ने लक्षद्वीप के पश्चिम में अरब सागर में समुद्री रास्ते से की जा रही मादक पदार्थों की तस्करी की बड़ी कोशिश को नाकाम किया है। संयुक्त अभियान के दौरान करीब 526 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली हेरोइन और मेथामफेटामाइन जब्त की गई। अधिकारियों के अनुसार, बरामद नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3,000 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान संदिग्ध नाव पर सवार पांच पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया। जानकारी मिलने के बाद भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्र और हवा से निगरानी शुरू की और 25 सितंबर को ईरान की एक संदिग्ध नाव का पीछा कर उसे रोका।

पीएम मोदी और ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत, साझेदारी बढ़ाने पर जोर



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की। बातचीत में व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और आपसी हित से जुड़े अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत को उपयोगी बताते हुए कहा कि दोनों देशों ने व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए लगातार निकट संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई है।

पटाखों पर पूरी तरह रोक नहीं, लेकिन 24 घंटे जलाने की इजाजत भी नहीं



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: दिवाली से पहले पटाखों पर रोक को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि देशभर में पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के बजाय संतुलित रास्ता अपनाया जाएगा। साथ ही 24 घंटे पटाखे जलाने की अनुमति भी नहीं दी जा सकती, क्योंकि इससे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को परेशानी हो सकती है। कोर्ट ने संकेत दिया कि पटाखे चलाने के लिए निश्चित समय तय किया जा सकता है और यह भी निर्धारित किया जाएगा कि किन प्रकार के पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति होगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केंद्र सरकार को पटाखों में इस्तेमाल होने वाले बेरियम तथा उनके शोर के स्तर की जांच के लिए संयुक्त परीक्षण करने का निर्देश दिया है।

इजरायल जा रहे विमान में पायलटों के बीच चाकूबाजी, भारतीय कप्तान ने संभाला मोर्चा



- दुबई की उड़ान में कॉकपिट के अंदर हुआ हिंसक संघर्ष, विमान ने सऊदी अरब के तबूक में की आपात लैंडिंग

तेल अवीव, एजेंसी: दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड1073 में बुधवार को कॉकपिट के अंदर पायलटों के बीच हिंसक संघर्ष के बाद हड़कंप मच गया। इजरायली मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, विमान के कप्तान पर कथित तौर पर चाकू से हमला किया गया। कुछ रिपोर्टों में कप्तान को भारतीय नागरिक या भारतीय मूल का बताया गया है।

हमले के बावजूद कप्तान ने कथित हमलावर का मुकाबला किया, जबकि विमान अचानक तेजी से नीचे आने लगा। घटना के दौरान विमान से आपात संकेत भी भेजे गए, जिससे कुछ समय के लिए अपहरण की आशंका पैदा हो गई। बाद में चालक दल और यात्रियों की मदद से स्थिति को नियंत्रित किया गया। विमान में करीब 180 लोग सवार थे, जिनमें बच्चे भी शामिल थे। विमान को इसके बाद सऊदी अरब के तबूक हवाईअड्डे की ओर मोड़ दिया गया, जहां उसकी सुरक्षित आपात लैंडिंग हुई। फ्लाईदुबई ने पुष्टि की कि विमान में एक घटना हुई थी और सभी यात्री सुरक्षित हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, ड्यूटी पर नहीं रहने वाले कुछ पायलट भी यात्रियों के रूप में विमान में मौजूद थे और स्थिति संभालने में मदद की। दोनों पायलटों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना की जांच की जा रही है और इसके कारणों को लेकर अभी अलग-अलग रिपोर्ट सामने आ रही हैं। इजरायली अधिकारियों ने घटना को गंभीर सुरक्षा मामले के रूप में लिया है, जबकि फ्लाईदुबई ने कहा है कि वह संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर मामले की जांच में सहयोग कर रही है।



- 406 रन का लक्ष्य 43.3 ओवर में किया हासिल, भारत का वनडे में सबसे बड़ा सफल रन चेज; तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त

गिल 223, रोहित 101, भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दर्ज की रिकॉर्ड जीत

रोहित शर्मा ने भी बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 72 गेंदों में अपना 35वां वनडे शतक पूरा किया। उन्होंने वनडे क्रिकेट में अपने 12,000 रन भी पूरे किए। वह सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने।

नईदुनिया ब्यूरो, गुवाहाटी: शुभमन गिल की रिकॉर्डतोड़ नाबाद 223 रन की पारी और रोहित शर्मा के शानदार 101 रन के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में आठ विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज के 405 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 43.3 ओवर में 406 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। यह वनडे में भारत का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। गिल और रोहित ने पहले विकेट के लिए 212 रन की शानदार साझेदारी कर जीत की नींव रखी। गिल ने 117 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया और वनडे में एक से अधिक दोहरे शतक लगाने वाले रोहित शर्मा के बाद दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने। वह अंत तक नाबाद रहे। उनकी 223 रन की पारी सफल रन चेज में किसी बल्लेबाज की सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी भी बनी।

रोहित ने 72 गेंदों में अपना 35वां वनडे शतक पूरा किया और 101 रन बनाए। इसी दौरान उन्होंने वनडे क्रिकेट में 12 हजार रन भी पूरे किए। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 405 रन बनाए थे। जॉन कैंपबेल ने 101, कप्तान शाई होप ने 104 और आमिर जंगू ने 114 रन की शतकीय पारियां खेलीं। यह वेस्टइंडीज का वनडे क्रिकेट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर रहा। इसके जवाब में भारत ने शुरुआत से ही तेज रन गति बनाए रखी और 300 रन का आंकड़ा भी बेहद तेजी से पार किया। रोहित के आउट होने के बाद विराट कोहली ने 29 रन बनाए, जबकि अंत में भारतीय टीम ने लक्ष्य हासिल कर लिया। जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। भारत की यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि वेस्टइंडीज के 405 रन के जवाब में उसने बिना किसी दबाव के लक्ष्य हासिल कर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए।

भारत ने सीरीज में बनाई 2-0 की बढ़त

भारतीय बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज के 405 रन के विशाल स्कोर को पूरी तरह बौना साबित कर दिया. गिल की नाबाद 223 रन की पारी और रोहित शर्मा के 101 रन की बदौलत भारत ने 43.3 ओवर में 406 रन बनाकर मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया. इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है. अब सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला भारत के लिए क्लीन स्वीप पूरा करने का मौका होगा.

सौजन्य भेंट ...



भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने बुधवार को मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के प्रोफेसर्स कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की।

छह साल बाद खुले महाप्रभु जगन्नाथ के जन्मस्थल के कपाट

नईदुनिया ब्यूरो, पुरी: ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ की जन्मवेदी के रूप में पूजनीय श्री गुंडिचा मंदिर को छह साल लंबे अंतराल के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। कोरोना महामारी की शुरुआत के बाद वर्ष 2020 से मंदिर बंद था। लंबे इंतजार के बाद कपाट खुलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर में प्रवेश से पहले पारंपरिक पूजा और धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

रूपरेखा *2 से 8 अक्टूबर तक प्रदर्शन; 6 को दिल्ली में मार्च...*

चुनाव आयोग के खिलाफ इंडिया गठबंधन का आंदोलन



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर इंडिया गठबंधन के दलों ने संयुक्त आंदोलन की रूपरेखा तय की है। बुधवार को दिल्ली में हुई बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कि 2 से 8 अक्टूबर तक जिला स्तर पर प्रदर्शन और 'लोकतंत्र बचाओ' मार्च आयोजित किए जाएंगे। 6 अक्टूबर को विपक्षी सांसद और नेता दिल्ली में चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च करेंगे। गठबंधन के नेता अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलने का समय भी मांगेंगे। इसके अलावा पांच बड़ी रैलियां आयोजित करने की योजना है, जिसमें 1 नवंबर को दिल्ली में बड़ी रैली प्रस्तावित है। बैठक में विपक्षी दलों ने मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दे उठाए तथा मतपत्र से मतदान की मांग भी रखी। कांग्रेस और गठबंधन के अन्य नेताओं ने चुनाव आयोग पर कई आरोप लगाए हैं, जिन्हें आयोग स्वीकार नहीं करता। चुनाव आयोग ने अपने स्तर पर उठाए गए कदमों को कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप बताया है।

अलग-अलग प्रदर्शन करना ठीक नहीं: ठाकरे

दिल्ली में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस के अलग-अलग प्रदर्शन आयोजित करने पर आपत्ति जताई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए ठाकरे ने कहा कि गठबंधन को चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर बड़ा आंदोलन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी दलों को गठबंधन के बैनर तले एक साथ सड़क पर उतरना चाहिए और अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करना उचित नहीं है। ठाकरे ने महाराष्ट्र में कांग्रेस की ओर से अकेले धरना-प्रदर्शन किए जाने का भी उल्लेख किया।